शहर-समाज

॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

रुक्मिणी का हरण कर कृष्ण ने द्वारका में किया विवाह

भास्कर संवाददाता|सेहराई

ग्राम पारकना के बगीचा वाले हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित बाबूलाल दुबे थूबोन वालों ने बताया कि रुक्मणी जी ने भगवान कृष्ण को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने लिखा कि अगर अगली सुबह देवी मंदिर से उनका हरण नहीं हुआ तो वे प्राण त्याग देंगी। उन्होंने कृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया था। उनका भाई उनकी इच्छा के खिलाफ चंदेरी के राजा शिशुपाल से विवाह की तैयारी कर रहा था। पत्र पढ़ने के बाद कृष्ण अगली सुबह देवी मंदिर पहुंचे। रुक्मणी वहां पूजा के बाद उनका इंतजार कर रही थीं। कृष्ण उन्हें रथ में बैठाकर द्वारकापुरी ले गए। वहां विधि-विधान से दोनों का विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर आयोजनकर्ता जय राम सिंह लोधी परिवार ने कृष्ण-रुक्मणी की सुंदर झांकी सजाई। श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और बधाई नृत्य किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और महिलाएं मौजूद रहीं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक हो रही है।

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष पंचमी, शनिवार संपूर्ण दिनरात रहेगी, विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1446, मुस्लिम माह जिल्काद, तारीख 18, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 17 मई।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 05:44 तक रहेगा, इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। साध्य योग प्रात: 07:09 तक रहेगा, इसके बाद शुभ योग रहेगा। कौलव करण सायं 05:36 तक रहेगा, इसके बाद तैतिल करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रात: 05:30) : सूर्य-वृष, चंद्र-धनु, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरु-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में स्थित है।

राहुकाल : प्रात: 09:00 से 10:30 तक रहेगा।

दिशाशूल : पूर्व दिशा : यदि जरूरी हो तो लौंग खाकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम् : विश्व दूरसंचार दिवस, विवाह मुहूर्त उत्तराषाढ़ा में।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रात: 07:22 से 09:03 तक शुभ का, दोपहर 12:23 से 02:03 तक चर का, दोपहर 02:03 से सायं 05:24 तक लाभ और अमृत का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज शनिवार को काले वस्त्र, उड़द एवं काले तिल का दान करें। शनि मंदिर में तिल के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान जी को चमेली के तेल में चोला चढ़ाएं साथ ही चमेली के तेल का दीपक जलाएं तो शनि जनित दोष दूर होते हैं। साध्य योग में चंदन का दान करना शुभ फलदायी होती है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:42	पूर्वाषाढ़ा	3	ताम्र	धनु	फा
11:22	पूर्वाषाढ़ा	4	ताम्र	धनु	ढ़ा
17:44	उत्तराषाढ़ा	1	ताम्र	धनु	भे
24:04	उत्तराषाढ़ा	2	ताम्र	मकर	भो

राशिफल

मेष : शुभ अंक 1, शुभ रंग सफेद : रुके हुए काम पूरे होने के आसार हैं। पारिवारिक समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बन सकती है। पुराने संपर्कों का लाभ मिल सकता है। राजकीय मामले सुलझेंगे।

वृष : शुभ अंक 5, शुभ रंग गुलाबी : कामकाज में आ रही बाधा दूर हो सकती है। अपनों की मदद करने से खुशी मिलेगी। देखरेख के अभाव में लाभदायी योजना बीच में ही बंद हो सकती है। परिणय चर्चाओं में सफलता मिलेगी।

मिथुन : शुभ अंक 2, शुभ रंग भूरा : भाग्योदय के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारिक सौदे हाथ आने से अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यस्थल की उलझनें दूर हो सकती हैं। तय समय पर काम पूरा नहीं होने से नुकसान संभव है।

कर्क : शुभ अंक 6, शुभ रंग आसमानी : अधिकारी आपके काम के तरीकों से नाराज हो सकते हैं। कारोबारी विस्तार के लिए धन की व्यवस्था कर लेंगे। बुजुर्गों की सलाह लाभदायी रहेगी। सुख-सुविधा पर खर्च संभव है।

सिंह : शुभ अंक 3, शुभ रंग बैंगनी : नई योजनाओं पर खर्च के आसार हैं। विवादित मामलों को आपसी बातचीत से सुलझा लेंगे। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी काम के लिए सिफारिश करवानी पड़ सकती है।

कन्या : शुभ अंक 4, शुभ रंग हरा : अनचाहे समझौते करने पड़ सकते हैं।। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। जल्दबाजी में लिए फैसले बदलने पड़ेंगे। व्यर्थ के खर्चे परेशानी में डाल सकते हैं। यात्रा संभव है।

तुला : शुभ अंक 4, शुभ रंग पीला : विपरीत माहौल में निजी काम करना मुश्किल हो सकता है। अटका धन मिलने के आसार हैं। भावनात्मक संबंधों में चल रहा गतिरोध दूर होगा। राजकीय मामलों की अनदेखी महंगी पड़ सकती है।

वृश्चिक : शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा : दिखावे के चलते कर्ज लेना पड़ सकता है। दौड़धूप करके बिखरे कामों को समेट लेंगे। कॅरियर को लेकर चल रही ऊहापोह की स्थिति दूर हो सकती है। सामाजिक संपर्कों का लाभ मिलेगा।

धनु : शुभ अंक 7, शुभ रंग फिरोजी : भय की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। परिवार में गतिरोध के चलते मन अशांत रहेगा। जानते बूझते कोई बड़ी गलती कर बैठेंगे। लोक कल्याण के कार्यक्रमों से जुड़कर खुशी होगी।

मकर : शुभ अंक 8, शुभ रंग काला : वैचारिक गतिरोध बने रहने से काम में मुश्किल हो सकती है। अधूरे मामलों को मिल-जुलकर सुलझा लेंगे। व्यापारिक सौदे लाभदायी हो सकते हैं। सपने साकार करने के लिए संघर्ष करेंगे।

कुंभ : शुभ अंक 3, शुभ रंग पीला : जल्दबाजी में कोई भी बड़ा फैसला लेना परेशानी में डाल सकता है। सामूहिक कार्यों में आपकी रीति- नीति की सभी प्रशंसा करेंगे। आय में वृद्धि बढ़ोतरी संभव है। समय के साथ स्वयं को बदलें।

मीन : शुभ अंक 9, शुभ रंग लाल : पारिवारिक जरूरतों पर खर्च करेंगे। दूसरों की मदद करने के चक्कर में खुद के कामों की अनदेखी कर बैठेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है। संपर्क क्षेत्र बढ़ेगा।

ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर का समापन, बच्चों को मिले प्रमाण पत्र

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण एवं बच्चों को प्रमाण पत्र देते हुए

भास्कर संवाददाता|पिपरई

सांदीपनि विद्यालय में 1 मई से चल रहे ग्रीष्मावकाश अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का 16 मई को समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि सीएमओ नगर परिषद अशोक वर्मा और तहसीलदार अनीश धाकरे रहे। अध्यक्षता प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने की। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने बताया कि 15 दिन के इस प्रशिक्षण में बच्चों ने नृत्य, गीत, रंगोली, मेहंदी, अनुप्रयुक्त से उपयुक्त गृह सज्जा सामग्री, योग, आसन, प्राणायाम, इंडोर गेम्स और चित्रकला जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इनसे बच्चों की कला और रुचियों का विकास हुआ। तहसीलदार अनीश धाकरे ने बच्चों की सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए इस

तरह के प्रशिक्षण की सराहना की। उन्होंने शासन की पाठ्येतर गतिविधियों की व्यवस्था के लिए धन्यवाद भी दिया। सीएमओ अशोक वर्मा ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में खाली बैठने की बजाय बच्चों ने नई-नई कलाएं सीखी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में इन कौशलों का उत्सवों में परंपरागत रूप से उपयोग होता है, जिससे त्योहार और भी रुचिकर बनते हैं। शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ हुआ। प्रशिक्षिका रागिनी सोनी और रेहना खान ने अतिथियों, अभिभावकों और डीपीआई का आभार जताया।

स्वयं स्वस्थ बनो अभियान • गोशाला में शुरू हुआ दस दिवसीय योग अभ्यास व प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर

योग शिविर के पहले दिन शरीर के जोड़ों के लिए कराई मेरिडियन एक्सरसाइज

भास्कर संवाददाता|अशोकनगर

स्वयं स्वस्थ बनो अभियान के तहत शुक्रवार को गोशाला में स्थित वर्धन स्कूल में दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

स्वयं स्वस्थ बनो अभियान के तहत वर्धमान विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का शुक्रवार को सुबह शुभारंभ हुआ। विधायक इंजी. हरिबाबू राय एवं डॉ. गीता जैन मुम्बई ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। स्वयं स्वस्थ बनो संस्था के संरक्षण सुभाष जैन एवं चेयरमेन संदीप बड़कुल ने बताया कि इस शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. गीता जैन मुम्बई एवं प्रशिक्षण सहयोगी दीपक जानी द्वारा 25 मई तक लगातार दस दिनों तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्राकृतिक जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी।

अशोकनगर | वर्धन स्कूल में दस दिवसीय शिविर के शुभारंभ के बाद शिविर में योग अभ्यास करते शिविरार्थी।

शिविर में सिखाएंगे आसन और प्राणायाम

दस दिवसीय योग शिविर में डॉ. गीता जैन और दीपक जानी द्वारा विभिन्न आसन, मुद्राओं और प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। शिविर में श्वांगआसन, शशांकआसन, मंडूकआसन, पवन मुक्त आसन के साथ ध्यान, अनुलोम विलोम, कपालभाति आदि प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न मुद्राओं के साथ ही योग का महत्व और योग की बारीकियों की भी जानकारी दी जाएगी।

जोड़ों के लिए मेरिडियन एक्सरसाइज कराई

योग प्रशिक्षक डॉ. गीता जैन ने योग के बारे में प्रारंभिक जानकारी दी। इसके साथ साथ शरीर के जोड़ों के लिए लाभकारी मेरिडियन एक्सरसाइज कराई गई। शिविर में सभी आयु वर्ग के 121 साधक भाग ले रहें है। ज्ञातव्य है कि डॉ. गीता जैन पूरे भारत वर्ष में योग शिविरों के माध्यम से लोगों को जागृत कर स्वस्थ रहने की कला सिखा रही है।

सुरक्षा जवान और अधिकारी की भर्ती 17 मई को चंदेरी में

भास्कर संवाददाता | चंदेरी

युवाओं को रोजगार के लिए जिले में शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर पुलिस थानों में लगाए जाएंगे। इसके तहत 17 मई को शहर के थाने में शिविर लगाया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10.30से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।

सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया परसवार अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान और सुरक्षा अधिकारी पदों के लिए भर्ती कैंप लगाया जाएगा।

कंपनी 10वीं पास या फेल युवाओं को सुरक्षा जवान, एसएलवी और सीआईटी जवान के पदों पर भर्ती करेगी। इन पदों के लिए आयु सीमा 19 से 40 वर्ष तय की गई है। वहीं, 12वीं पास या स्नातक कर चुके युवाओं को सुरक्षा अधिकारी पद के लिए मौका मिलेगा। इन पदों के लिए आयु सीमा 21 से 45 वर्ष रखी गई है। यह भर्ती शिविर 16 मई से 28 मई तक जिले के अलग-अलग थाना परिसरों में आयोजित होंगे। चंदेरी में यह शिविर 17 मई को होगा। इच्छुक युवा तय तारीख और समय पर संबंधित थाना परिसर में पहुंचें।

भागवत कथा • जारौली बुजुर्ग गांव में चल रही भागवत् कथा में रेखा रामायणी ने कहा -

जीवन में दुःख-सुख आते जाते रहते हैं: रेखा

भास्कर संवाददाता|मुंगावली

क्षेत्र की ग्राम पंचायत जारौली बुजुर्ग के मंदिर में सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा चल रही है। कथा का वाचन साध्वी रेखा रामायणी द्वारा किया जा रहा है। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से विशेष महात्मा गुरुजी गीताघाट वाले द्वारा किया जा रहा है।

कथा के पहले सुबह विश्व शांति, प्राणियों में सद्भावना सहित के लिए विष्णु महायज्ञ में आहुतियां दी जा रही है। यज्ञ का आयोजन निर्देशक

मुंगावली | कथा का वाचन करती साध्वी रेखा रामायणी।

कैलाशानंद महाराज सिद्ध धाम महादेव खो वाले, यज्ञ आचार्य सुनील शास्त्री बरखाना इमलिया वाले एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ आचार्य बैजनाथप्रसाद पचौरी और मंदिर के पुजारी बालकिशन तिवारी के तत्वाधान में किया जा रहा है।

सात दिवसीय कथा में शुक्रवार को कथा व्यास साध्वी रेखा रामायणी ने भगवान के 24 अवतार व भीष्म पितामह से जुड़ा प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भीष्म पितामह ने ठाना था कि मृत्यु से पहले भगवान का दर्शन जरूर करूंगा और अपने तप व संकल्प के बल पर भगवान के दर्शन भी किए।

इसी प्रकार अगर मनुष्य चाहे तो वह भी भगवान के दर्शन कर सकता है। अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत कर मनुष्य जीवन में शांति, मुक्ति व भक्ति को पाकर भगवान के दर्शन कर सकता है।

इस सृष्टि में हमें जो मिला है, वह मेरा नहीं है, मैं इसका दुरुपयोग नहीं करूंगा, जो कुछ किया है उसका फल नहीं चाहूंगा और अप्राप्त की कामना नहीं करूंगा। अगर इन चार बातों को मनुष्य अपनाएं तो उसका कल्याण हो सकता है। अगर हमारे जीवन में भगवान ने दुख लिखे हैं तो निश्चित रूप से सुख भी लिखे हैं। दुख में हमें घबराना नहीं चाहिए तो सुखों के आश्रित नहीं होना चाहिए। हर समय भगवान का स्मरण करना चाहिए।

विश्व कल्याण के लिए पंचकुंड विष्णु यज्ञ में दी आहुतियां

भास्कर संवाददाता|सेहराई

ग्राम देवर्छी में सिद्ध बाबा के स्थान पर 10 मई से पंचकुंड आत्मक विष्णु महायज्ञ चल रहा है। यज्ञ का आयोजन पूरे गांव के लोगों द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ हो रहा है। इसका संचालन आचार्य पंडित महादेव प्रसाद तिवारी बजावन वालों द्वारा किया जा रहा है।दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा का वाचन पंडित मनीष तिवारी बजावन वालों द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा में पंडित तिवारी ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई। उन्होंने कहा, दुनिया में कृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। कृष्ण ने अपने मित्र की दरिद्रता देखकर रातों-रात स्वर्ण महल बनवा दिए। गले लगाकर सिंहासन पर बैठाया और 56 प्रकार के भोजन कराए। शनिवार को यज्ञ और कथा का अंतिम दिन है। समापन अवसर पर पूर्णाहुति, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

मुंगावली में आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

मुंगावली | शनिवार को मुंगावली के 132/33 केवी उपकेंद्र में मेंटीनेंस का कार्य होगा। इस कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 5 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 33 केवी मुंगावली फीडर से जुड़ा पूरा क्षेत्र प्रभावित रहेगा। मुंगावली शहर के साथ मल्हारगढ़, चाचूखेड़ा पंप, हुरेरी आबादी और गदूली गांव की बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। जरूरत पड़ने पर बिजली बंद करने का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

सीबीएसई 12वीं में 94% लाने पर छात्रा पर्ल भगत सम्मानित

मुंगावली | उत्कृष्ट प्रदर्शनकरने पर छात्रा को सम्मानित करते कलेक्टर।

भास्कर संवाददाता|मुंगावली

केंद्रीय विद्यालय मुंगावली की छात्रा पर्ल भगत को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर सम्मान मिला।

पर्ल ने कक्षा 12वीं में 94 फीसदी अंक हासिल किए। वह स्कूल में प्रथम रही।

इस उपलब्धि पर अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने उसे सम्मानित किया।

HDFC BANK
We understand your world

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

क्र.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदार्रों के नाम	समान बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	शाखा- अशोक नगर (म.प्र.) एवं खाता : मेसर्स सिद्धी विनायक एवं संस, प्रोप्रा. श्रीमती मंजुला अग्रवाल द्वारा प्रतिनिधित्व	श्रीमती मंजुला अग्रवाल एवं श्री विशाल अग्रवाल	आवासीय संपत्ति मकान नंबर 75 पर निर्मित, डबल स्टोरी, ग्राउण्ड फ्लोर एवं प्रथम मंजिल का साथ ही खुली भूमि, नंबर 75, पटवारी हल्का नंबर 28 एवं 27, वार्ड नंबर 12, भगत सिंह वार्ड, चौधरी मोहल्ला, गिरधारी मंदिर के पास, अशोक नगर, मध्य प्रदेश - 473331 **संपत्ति मालिक : श्रीमती मंजुला अग्रवाल क्षेत्रफल 534 वर्ग फीट**	**रु. 24,70,734.04/-** 30-11-2018 को बकाया राशि आगे की ब्याज के साथ ब्याज का समावेश @18% प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर 2018 से मासिक के साथ क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारीख तक **19-12-2018**	**19-06-2025 एवं सुबह 10.00 बजे से**	आरक्षित मूल्य **Rs.25,00,000/-** ईएमडी **Rs.2,50,000/-** बोली बढ़ाने की राशि **Rs.50,000/-**	**28-06-2025 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक**	**25-06-2025 सायं 4 बजे तक**	आशीष रावत 9981126266 E-mail: Ashish.rawat9@hdfcbank.com सुनील भानुशाली 9323176985

नियम एवं शर्तें

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **57500000904261**, खाता का नाम : **DFSO Transitory account**, लाभार्थी का नाम : **एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240** में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर बैंकों के रिकॉर्ड के अनुसार विस्तृत नियमों व शर्तों में उल्लिखित एक को छोड़कर, कोई भी भार अर्थात् संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि जैसी कोई वैधानिक बकाया राशि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथलेश कुमार, मोबाईल : 7080804466, एवं श्री शिबु बाबु मोबाईल 9891628914** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए **उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी** से कार्यालय अवधि **(प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे)** के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ नियम 9(1) के तहत सांविधिक 30 दिवसीय बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से **30 दिन** पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

दिनांक : 17-05-2025
स्थान : जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड